## For Your Information...

### The ATM Economics of India



Cost/Transaction - Rs. 7.7

Revenue/Transaction - Rs. 11.0

Profit/Transaction - Rs 3.3

No. of Transactions for Break-Even Every Day- 70

Years to Cover Investment-3.8

Compiled by Nafanuksan Research

## विचार सागर

*''कैसी विडम्बना है कि मनुष्य झूठी तारीफ तो सुनना चाहता है लेकिन सच्ची आलोचना सुनकर संभलना उसे मंजूर नहीं।''*

- पी.सी. वर्मा

*''प्रदूषण एक लाइलाज बीमारी है, जिससे बचे रहना ही एकमात्र इलाज है।''*

- के.आर. कमलेश

## Thoughts of the time

Get the pattern of your life from god, then go about your work and be yourself.

- Phillips Brooks

As long is you are alive, The game hasn't been over yet.

- Suresh Rathi

## राजस्थानी कहावत

**खावै-पीवै उण नै भगवान देवै**

**खाये-पीये उसे भगवान देता है**

- खुले हाथ खर्च करने वाले को भगवान भी दिल खोलकर देता है।
- खर्च के अनुरूप आमदगी का जुगाड़ हो ही जाता है। कंजूसी की प्रताड़ना।

*-स्व. विजय दान देथा*

*साभार : रूपायन संस्थान, बोरूंदा*

## बाजार

| Index/Commodity | LTP | Chg. (points) |
|---|---|---|
| BSE Sensex | 56,124.72 | 175.62 |
| NSE Nifty | 16,705.20 | 68.3 |
| MCX Comdex | 11268.12 | 0.23 |
| NCDEX Agridex | 1641.05 | -11.9 |
| Gold(MCX,Rs/10gm) | 47,079 | -157 |
| Silver(MCX,Rs/kg) | 63,170 | 447 |
| US Dollar(in Rs.) | 73.705 | -0.44 |
| Gold($/ounce) | 1,798.05 | 2.75 |
| Silver($/ounce) | 23.613 | 0.055 |
| Crude Oil($/barrel) | 68.78 | 1.36 |
| London Brent Crude ($/barrel) | 71.38 | 1.19 |
| Copper($/Ton) | 4.263 | 0.0155 |
| Aluminium($/Ton) | 2,657.50 | 36.75 |
| Zinc($/Ton) | 2,987.00 | -8.75 |
| Lead($/Ton) | 2,304.00 | 14.75 |
| Nickel($/Ton) | 18,895.00 | 92.5 |

Rates as of 6.30 pm on 26 August 2021

## शनिवार के चौघड़िए

सम्वत् 2078 भाद्रपद बुदी षष्ठी
राहुकाल : प्रातः 9:00 से 10:30 बजे तक
सूर्योदयः 6.08 बजे और सूर्यास्त : 6.48 बजे

| | |
|---|---|
| प्रातः 6.08 से 7.43 | काल |
| 7.43 से 9.18 | शुभ |
| 9.18 से 10.53 | रोग |
| 10.53 से 12.28 | उद्वेग |
| 12.28 से 2.03 | चर |
| 2.03 से 3.38 | लाभ |
| 3.38 से 5.13 | अमृत |
| 5.13 से सूर्यास्त 6.48 | काल |
| रात्रि 6.48 से 8.13 | लाभ |
| 8.13 से 9.38 | उद्वेग |
| 9.38 से 11.03 | शुभ |

## रविवार के चौघड़िए

सम्वत् 2078 भाद्रपद बुदी सप्तमी
राहुकाल : प्रातः 4:30 से 6:00 बजे तक
सूर्योदयः 6.08 बजे और सूर्यास्त : 6.47 बजे

| | |
|---|---|
| प्रातः 6.08 से 7.43 | उद्वेग |
| 7.43 से 9.18 | चर |
| 9.18 से 10.53 | लाभ |
| 10.53 से 12.28 | अमृत |
| 12.28 से 2.03 | काल |
| 2.03 से 3.38 | शुभ |
| 3.38 से 5.13 | रोग |
| 5.13 से सूर्यास्त 6.47 | उद्वेग |
| रात्रि 6.47 से 8.12 | शुभ |
| 8.12 से 9.37 | अमृत |
| 9.37 से 11.03 | चर |

# उच्च शिक्षा मंत्री भाटी ने लॉन्च किया केडबरा ऑनलाइन शॉपिंग एप



**बीकानेर/नि.सं.।** उच्च शिक्षा मंत्री भंवरसिंह भाटी ने बुधवार को केडबरा ऑनलाइन शॉपिंग एप लांच किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी के दौर में ऑनलाइन शॉपिंग का प्रचलन बढ़ा है। कोरोना जैसी विषम परिस्थितियों में यह लोगों के जीवन का हिस्सा बन चुकी है। मदनगोपाल गहलोत ने केडबरा ऑनलाइन शॉपिंग एप के बारे में जानकारी दी तथा बताया कि इसके माध्यम से सीबीएसई, मेडिकल, आईआईटी, नेट, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग सहित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें ऑनलाइन शॉपिंग के माध्यम से घर बैठे प्राप्त की जा सकती हैं। इस दौरान मनीष जोशी, दिलीप बांठिया, एड. गणेश टाक, महावीर गहलोत मौजूद थे।

**अभाव अभियोग सुने :** भाटी ने अपने आवास पर आमजन की समस्याओं की सुनवाई की तथा इनके समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप सभी जनप्रतिनिधि नियमित रूप से आमजन से मिलते हुए उनके दु:ख दर्द दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। सरकार द्वारा जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण एवं इनकी समीक्षा की व्यवस्था की गई है।

# स्कोडा एसयूवी कुशक का 'पीस ऑफमाइंड' कैंपेन शुरू, उदयपुर सहित 100 से अधिक शहरों में होगा उपलब्ध

**उदयपुर/नि.सं.।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशक के लॉन्च पर उदयपुर में अपने ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ और बेहतर अनुभव देने के लिए 'पीस ऑफ माइंड' कैंपेन शुरू किया है। कंपनी ने ग्राहक केंद्रित एप्रोच के अनुरूप अपने सभी प्रॉडक्ट्स के लिए 'पीस ऑफ माइंड' को चार स्तंभों स्वामित्व की लागत, ग्राहकों की पहुंच, सहूलियत और बेहतर अनुभव के आधार पर तैयार किया है। स्कोडा के अनिल बेनीवाल का कहना है कि इसके गैसोलीन इंजन की वजह से इंजन ऑयल की लागत में 32 प्रतिशत की कमी, स्पेयर पाट्र्स की कीमतों में अंतर और रिप्लेसमेंट इंटरवल्स में बढ़ोतरी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप समग्र मेंटेनेंस कॉस्ट में 21 प्रतिशत तक की कमी आई है। इस पहल के माध्यम से, यह अपने ग्राहकों को एक अनूठा ऑनरशिप एक्सपीरियंस देने के लिए ऑफ्टर सेल्स ऑफरिंग्स को अपग्रेड करने की योजना बना रहा है। बेनीवाल ने प्रेस मीट में कहा की इंटरनेशनल इंजन ऑफ द ईयर पुरस्कार विजेता नया टर्बोचार्ज्ड स्ट्रैटिफाइड इंजेक्टेड इंजन कुशक को पॉवर देता है, जो ग्राहकों को एक्साइटमेंट के कंप्लीट पंच से भर देता है। वे हल्के, हाई पॉवर, फ्यूल एफिशिएंट हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड निदेशक जैक हॉलिस ने कहा कि हमारी इंडिया 2.0 स्ट्रेटजी में स्वामित्व अनुभव को और बेहतर बनाना तथा ग्राहकों को खुशी देने पर फोकस करना शामिल है। हम अपने ग्राहक केंद्रित दृष्टिकोण को बनाए रखेंगे। यह ब्रांड पूरे भारत में 100 से अधिक शहरों में उपलब्ध होगा।।



# बनवारी लाल शर्मा कालाडेरा इंडस्ट्रीज एसो. के अध्यक्ष निर्वाचित

**कालाडेरा/नि.सं.।** कालाडेरा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के बुधवार को हुए चुनाव में बनवारी लाल शर्मा अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। कस्बे के रीको औद्योगिक क्षेत्र स्थित एसोसिएशन भवन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी अर्जुन लाल जांगिड़ की उपस्थिति में बुधवार को चुनाव की नामांकन प्रक्रिया हुई। इस दौरान उम्मीदवारी के लिए किसी अन्य व्यक्ति के नामांकन दाखिल नहीं करने पर बनवारी लाल शर्मा को अध्यक्ष, राजेन्द्र अग्रवाल महासचिव तथा मनोज कुमार शर्मा निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। बनवारी लाल शर्मा लगातार तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 4 सितम्बर को होगा।



# भीलवाड़ा बोर्न उद्यमी करेगा सेना को दस लाख हथगोलों की आपूर्ति

**भीलवाड़ा/नि.सं.।** भीलवाड़ा जिले के रूपाहेली कस्बे के निवासी उद्योगपति सत्यनारायण नुवाल के नागपुर प्लांट को सेना के लिए हैण्ड ग्रेनेड उपलब्ध कराने का करार मिला है। भीलवाड़ा में घोड़ेज ब्रांड की पैन इंक का निर्माण करने वाले उद्यमी सोलर ग्रुप के चैयरमेन सत्यनारायण नुवाल की नागपुर में गोला बारूद बनाने की देश की सबसे बड़ी फैक्ट्री है। रक्षा मंत्रालय ने सोलर ग्रुप से करीब 450 करोड़ में दस लाख मल्टी मोड हैण्ड ग्रेनेड खरीदने का एग्रीमेंट किया है।

रक्षा सौदे के लिए नई दिल्ली में आयोजित बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में हुए करार के अनुसार सेना को पहली खेप में एक लाख हैण्ड ग्रेनेड की आपूर्ति करने के आदेश मिले हैं। नुवाल की नागपुर बेस्ड कंपनी इकोनॉमिक एक्सप्लोसिव्स लिमिटेड (ईईएल) कम्पनी के प्लान्ट में हैण्डग्रेनेड का उत्पादन किया जाता है। रक्षा मंत्रालय ने पहली बार किसी निजी कंपनी से हैंड ग्रेनेड क्रय करने का करार किया है। कम्पनी सूत्रों के अनुसार सेना को आपूर्ति किये जाने वाले ग्रेनेड को डीआरडीओ और टर्मिनल बैलिस्टिक रिसर्च लेबोरेटरीज ने संयुक्त रूप से डिजाइन किया है। यह ग्रेनेड सेना और वायु सेना में अभी तक इस्तेमाल हो रहे विंटेज हैंड ग्रेनेड नंबर 36 की जगह उपयोग में लिए जाएंगे। डीआरडीओ ने 2016 में निजी कंपनी को ग्रेनेड बनाने के लिए टेक्नोलॉजी हस्तांतरित की थी। इसके बाद सेना ने मौसम की सभी स्थिति में हैण्ड ग्रेनेड का व्यापक परीक्षण किए। इनमें रेगिस्तान, ऊंचाई वाले क्षेत्रों के साथ मैदानी इलाके शामिल थे। सेना से हरी झंडी मिलने के बाद ईईएल ने पिछले महीने से सेना को हैण्ड ग्रेनेड की आपूर्ति शुरू की।

कम्पनी द्वारा तैयार किये गये ग्रेनेड की कुछ विशेष खासियत है। इन्हें आक्रामक और रक्षात्मक दोनों मोड में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह केंद्र सरकार के तत्वावधान में सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रदर्शित करने वाली एक प्रमुख परियोजना है, जो अत्याधुनिक गोला-बारूद प्रौद्योगिकियों को आत्म निर्भरता में सक्षम बनाती है। कम्पनी के चैयरमैन सत्यनारायण नुवाल ने बताया कि सोलर कम्पनी ने पिनाका मार्क वन, पिनाका एमआर और पिनाका गाइडेड राकेट का उत्पादन किया है। सेना उड़ीसा में 25 राकेट का परीक्षण कर चुकी है। इसका अन्तिम परीक्षण राजस्थान के पोखरण में होना है।

### रक्षा मंत्रालय के साथ 450 करोड़ का करार



#### आत्म निर्भरता की दिशा में कदम : राजनाथ

दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना को हैण्ड ग्रेनेड सौंपे जाने को रक्षा क्षेत्र में सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के बढ़ते सहयोग से आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्दी ही भारत न केवल घरेलू उपयोग के लिए बल्कि पूरे विश्व के लिए सैन्य उत्पाद बनाएगा। रक्षा मंत्री सिंह ने कहा कि आज का दिन भारतीय रक्षा क्षेत्र के इतिहास में यादगार दिन है।

# राजस्थान माइनिंग सेक्टर नई उड़ान को तैयार : संजय अग्रवाल

**जयपुर/का.सं.।** पीएचडी चैम्बर राजस्थान चैप्टर द्वारा राजस्थान माइनिंग सेक्टर के विकास हेतु राजस्थान माइनिंग समिट का आयोजन किया। समिट में राजस्थान में उपलब्ध खनिज क्षेत्र में अपार संभावनाओं एवं इस क्षेत्र के विकास हेतु विभिन्न पहलुओं एवं उन्नत तकनीक एवं प्रणालियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। अतिथियों का स्वागत करते हुए पीएचडी राजस्थान चैप्टर के अध्यक्ष दिग्विजय ढाबरिया ने राज्य में उपलब्ध विभिन्न खनिज संसाधनों के क्षेत्र में विकास एवं नए निवेश के अवसरों के बारे में बताया।

अध्यक्षीय भाषण में संजय अग्रवाल, राष्ट्रीय अध्यक्षए पीएचडी चैम्बर ने कहा की खनिज क्षेत्र राज्य के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है तथा इसका राज्य की जीडीपी में 4.4 पर्सेंट से ज्यादा का योगदान है। राज्य का राष्ट्रीय स्तर पर खनिज उत्पादन के मूल्य में 17 पर्सेंट से ज्यादा का योगदान है। देश में स्टील कंपनियों द्वारा उपयोग में लाने वाले लाइमस्टोन की आपूर्ति हेतु राजस्थान इकलौता राज्य है। लाइमस्टोन भण्डारण की ज्यादा उपलब्धता सुनिश्चित की जाए एवं राज्य में स्थित लौह अयस्क के अपार भंडारों का दोहन बढ़ाया जाए ताकि आयात कम किया जा सके और यह क्षेत्र आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सके। संगोष्ठी में अक्षयदीप माथुर, महासचिव, फेडरेशन ऑफ माइनिंग एसोसिएशन ऑफ राजस्थान, प्रदीप अग्रवाल, अतिरिक्त निदेशक सहित राज्य में कार्यरत नामी माइनिंग कंपनियों एवं अन्य विशेषज्ञों ने माइनिंग सेक्टर के विकास के बारे में अनेक विषयों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कई सुझाव दिए। संगोष्ठी में एम एल गुप्ता, मुकाया सिमुबली, अनिल सूद, पियूष भारती, सुनीता मंत्री, मुकुल रस्तोगी, रवि धाभाई, एम एल लाहोटी एवं सुनील बंसल ने भी विचार व्यक्त किये।

# खनिज लीजधारकों की समस्याओं का किया जाए निस्तारणः ओझा

**जोधपुर/नि.सं.।** लघु उद्योग भारती के प्रदेशाध्यक्ष घनश्याम ओझा ने खान मंत्री प्रमोद जैन भाया, उद्योग मंत्री परसादी लाल मीणा व वन एवं पर्यावरण मंत्री सुखराम विश्नोई को पत्र लिखकर पत्थर खान मालिकों के सामने आ रही विभिन्न समस्याओं को दूर करने की मांग की। ओझा ने बताया कि जोधपुर शहर क आसपास उच्च गुणवत्ता वाला सैण्ड स्टोन का प्रचुर भंडार है। यह सैंड स्टोन टिकाउ व बहुत ही आकर्षक है जिस कारण इसकी मांग पूरे देश के साथ साथ विदेशों मे भी तेजी से बढ़ रही है। खनिज लीजधारकों के सामने अनेक समस्याएं है उनका निस्तारण समय पर करने पर जोधपुर का उत्पादन दुगुना हो सकता है। पत्थर की कटाई व घड़ाई के बाद बड़ी मात्रा में स्लरी निकलती है जोधपुर शहर में किसी भी स्थान पर स्लरी डम्पिग यार्ड नहीं है जिससे लीजधारक को इधर उधर स्लरी डालनी पड़ती है, जिससे पूरा क्षेत्र खराब होता है।

## नेशनल • इंटरनेशनल

# 'दिल्ली एयरपोर्ट पर ट्रैफिक में ग्रोथ'

**मुंबई/एजेंसी।** जीएमआर द्वारा शुक्रवार को जारी एक श्वेत पत्र के मुताबिक हवाई यात्रा की मांग में सुधार के साथ दिल्ली हवाईअड्डे में यात्रियों की संख्या में क्रमिक वृद्धि देखी गई है। श्वेत पत्र के अनुसार इस महीने के पहले 10 दिन के दौरान प्रतिदिन लगभग 90,000 यात्रियों ने हवाईअड्डे से यात्रा की है। यह आंकड़ा मई के मध्य में यात्रियों की संख्या से पांच गुना अधिक है, जब दिल्ली हवाई अड्डे पर प्रतिदिन लगभग 18,000 यात्रियों की आवाजाही होती थी। श्वेत पत्र में कहा गया है कि जून 2021 के अंत तक यह संख्या बढ़कर लगभग 62,000 यात्री प्रतिदिन हो गई। जीएमआर के अनुसार कोविड की स्थिति में सुधार और टीकाकरण की रफ्तार तेज होने के साथ ही घरेलू यातायात के वित्त वर्ष 2022-23 के अंत तक कोविड से पहले के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है।

# 'ड्रोन का रजिस्ट्रेशन अब जरूरी'

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि ड्रोन से संबंधित नए नियमों के तहत इन उपकरणों का पंजीकरण अनिवार्य किया गया है और एजेंसियां ट्रैकिंग प्रणाली के जरिये संदिग्ध उपकरणों की पहचान कर सकेंगी। ड्रोन नियम, 2021, बुधवार को जारी किए गए। इसने मानव रहित विमान प्रणाली (यूएएस) नियम, 2021 की जगह ली है, जो 12 मार्च को लागू हुआ था। प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार के विजय राघवन ने कहा कि ड्रोन नीति के अभाव में इन उपकरणों को पंजीकृत नहीं किया जाता था और यह भी तय नहीं किया गया था कि उन्हें कहां उड़ाया जाना चाहिए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि नए मानदंड सभी ड्रोन के पंजीकरण को निर्धारित करते हैं और इनके तहत विशिष्ट ट्रैकिंग तंत्र काम करेगा। नागरिक उड्डयन सचिव प्रदीप सिंह खरोला ने ड्रोन के दुरुपयोग और सुरक्षा जोखिम पर एक सवाल के जवाब में कहा कि इस नियम में हमें संदिग्ध ड्रोन की पहचान करने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि हर कार का एक रजिस्ट्रेशन नंबर होता है और यह जानने के लिए एक तंत्र होता है कि इसका मालिक कौन है। खरोला ने कहा कि ड्रोन के साथ भी कुछ ऐसा ही होगा। नियमों में प्रावधान है कि भविष्य में प्रत्येक ड्रोन की एक पहचान होगी। पहली चुनौती एक अच्छे ड्रोन और एक खराब ड्रोन की पहचान करना है।

**ड्रोन उड़ाने के लिए अब सिर्फ चार तरह की फीस :** देश में ड्रोन की उड़ान पर लागू बंदिशों में अब कुछ राहत दी गई है। पहले ड्रोन उड़ाने से पहले संबंधित पक्ष को अनुमति के लिए 25 तरह के फॉर्म भरने पड़ते थे, अब इन फॉर्मों की संख्या घटाकर सिर्फ पांच कर दी गई है। इसी तरह पहले अलग-अलग स्तरों पर 72 प्रकार के शुल्क अदा करने पड़ते थे, लेकिन अब सिर्फ चार शुल्क ही देने पड़ेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ड्रोन नियम-2021 की जानकारी सोशल मीडिया के जरिये दी है। मोदी ने लिखा की नए नियम भरोसे और स्व प्रमाणन की भावना पर आधारित है।

**ये हैं नए नियम :** ■ भारत में पंजीकृत विदेशी कंपनियां देश में ड्रोन संचालित कर सकेंगी। ■ डिजिटल स्काई प्लेटफार्म बनेगा, सभी मंजूरियां एक खिड़की से मिलेगी। ■ माल ढुलाई के लिए ड्रोन कोरिडोर बनाया जाएगा। नियमों के उल्लंघन एक लाख रुपए अर्थदंड लगेगा। ■ ड्रोन का यूनिक आईडी नंबर जरूरी होगा।

# रिर्सोसेज की कमी को पूरा करने के लिये सीएसआर खर्च का वित्त पोषण नहीं

## कार्पोरेट मंत्रालय ने दी जानकारी

**नयी दिल्ली/एजेंसी।** कंपनी कानून के तहत कंपनी सामाजिक दायित्व (सीएसआर) खर्च को सरकारी योजनाओं में संसाधनों की कमी का वित्त पोषण करने के स्रोत के तौर पर परिभाषित नहीं किया जाना चाहिये। कार्पोरेट कार्य मंत्रालय ने सीएसआर के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जारी आमतौर पर पूछे जाने वाले सवाल और उनके जवाब में यह कहा है। मंत्रालय ने यह भी कहा है कि कंपनियों द्वारा अपने व्यवसाय के दौरान की जाने वाली सामान्य गतिविधियों को सीएसआर कार्य नहीं माना जाना चाहिये। हालांकि, मंत्रालय ने कोविड के मामले में नये टीके, दवाओं और चिकित्सा उपकरणों के लिये अनुसंधान एवं विकास कार्यों में लगी कंपनियों को इससे छूट दी है।

इन कंपनियों को यह छूट 2022-23 तक तीन वित्तीय वर्षों के लिये होगी। मंत्रालय द्वारा 25 अगस्त को जारी आमतौर पर पूछे जाने वाले सवालों का जवाब देते हुये यह कहा गया है। कानून के तहत मुनाफा कमाने वाले कुछ खास श्रेणी की कंपनियों को अपने तीन साल के औसत मुनाफे का कम से कम दो प्रतिशत एक वित्त वर्ष में कंपनी सामाजिक दायित्व की गतिविधियों में खर्च करना होता है। मंत्रालय ने कहा है कि सीएसआर प्रावधान कंपनियों को सामाजिक विकास की प्रक्रिया में भागीदार के तौर पर शामिल करने के लिये है। मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक हित में कंपनियों के नवोन्मेष और प्रबंधन कौशल का इस्तेमाल ही सीएसआर क्रियान्वयन के मूल में है। इसे देखते हुये सीएसआर को सरकारी योजनाओं में संसाधनों की कमी को पूरा करने के लिये वित्तपोषण के स्रोत के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिये। हालांकि, पात्र कंपनी का निदेशक मंडल स्वतंत्र रूप से इसी तरह की गतिविधियों को चला सकता है। लेकिन यह काम कंपनी (सीएसआर नीति) नियम 2014 के अनुपालन के तहत होना चाहिये।

मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि सीएसआर कार्यों में कंपनी के कर्मचारियों का शामिल होने को सीएसआर व्यय के तहत नहीं लाया जा सकता है।

**मध्य भारत एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय 5-ओ-21, बेसमेंट, आर.सी.व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा - 311001, राजस्थान
सीआईएन - L24121RJ1997PLC029126 फोन न.- 01482-237104, फैक्स न. -01482-239638
ई-मेल : secretarial@mbapl.com वेबसाइट : www.mbapl.com
OGI OSTWAL

**24 वीं वार्षिक आम बैठक से संबंधित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) / अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) की सुचना**

शेयरधारक को सूचित किया है कि मध्यभारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड "कंपनी" की 24 वीं वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) "वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)" या अन्य "ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम)", के माध्यम से सोमवार, 27 सितंबर, 2021 प्रातः 12:30 बजे (IST) को आयोजित की जाएगी। कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुपालन में और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सामान्य नियमों 14/1070, 17/2020 और 20/2020 और 02/2021 और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किए गए परिपत्र संख्या SEBI/110/0D/CMOI/OR/P/2017/79 और SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 (सामूहिक रूप से "परिपत्र" के रूप में संदर्भित), जिसमे एजीएम की सूचना में उल्लेखित व्यवसायों को सम्पादित किया जायेगा.

मौजूदा परिस्थिति के मद्देनजर, नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतिलिपि भेजने में कठिनाइयों के कारण, और उपरोक्त परिपत्रों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम का नोटिस शेयरधारकों को केवल ईमेल पते पर जो कि डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत हैं पर भेजे जायेंगे। वार्षिक रिपोर्ट के साथ एजीएम नोटिस कंपनी की वेबसाइट www.mbapl.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड ("NSE") की वेबसाइट www.nseindia.com पर भी उपलब्ध होगी।

शेयरधारक इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम के नोटिस में उल्लिखित व्यवसायों पर अपना वोट दूरस्थ रूप से डाल सकेंगे, यदि आपका ईमेल पता डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है, तो दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल शेयर धारको के पंजीकृत ईमेल पर भेजा जाएगा। कृपया ध्यान दें कि एजीएम में वीसी / ओएवीएम के माध्यम से भाग लेने के लिए एक ही लॉगिन क्रेडेंशियल की आवश्यकता होती है।

शेयरधारक, जिनका ईमेल पता / बैंक विवरण लाभांश प्राप्त करने के लिए पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करके ऐसा कर सकते हैं :-

1. डीमैट फॉर्म में शेयर रखने वाले शेयरधारक केवल अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों से संपर्क करके अपनी ईमेल आईडी / बैंक विवरण पंजीकृत करा सकते हैं।

2. भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारक अपना ईमेल पता और मोबाइल नंबर कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए), बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड को ईमेल आईडी investor@bigshareonline.com पर ईमेल पते और मोबाइल नंबर के साथ स्वप्रमाणित पैन कार्ड और प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि भेजकर पंजीकृत कर वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम नोटिस और ई-वोटिंग निर्देश प्राप्त कर सकते हैं व बैंक खाते के विवरण को अपडेट करने के लिए अतिरिक्त विवरण जैसे बैंक खाता प्रकार, बैंक खाता संख्या, 9 अंकों का MICR कोड, 11 अंकों का IFSC कोड और रद्द चेक की स्कैन कॉपी की आवश्यकता होगी।

3. शेयरधारक जिन्होंने अपना ईमेल पता आरटीए / डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ पंजीकृत नहीं किया है या जिन शेयरधारकों को वार्षिक रिपोर्ट, एजीएम नोटिस और मतदान निर्देश नहीं मिली है, ऐसे विवरण प्राप्त करने के लिए www.mbapl.com पर जाने का अनुरोध किया जाता है। वीसी / ओएवीएम के माध्यम से मतदान और एजीएम में उपस्थित होने के निर्देश भी एजीएम के नोटिस में प्रदान किए जाएंगे और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर अपलोड किए जाएंगे।

4. शेयरधारक नोट करे कि अंतिम लाभांश को इलेक्ट्रॉनिक रूप से उन शेयरधारकों को भुगतान किया जाएगा जिन्होंने अपने बैंक खाते के विवरण को अपडेट किया है। जिन शेयरधारकों ने अपने बैंक खाते का विवरण अपडेट नहीं किया है, डाक सुविधा उपलब्ध होते ही लाभांश वारंट / डिमांड ड्राफ्ट / चेक उनके पंजीकृत पते पर भेज दिए जाएंगे। लाभांश प्राप्त करने में देरी से बचने के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि भुगतान तिथि पर सीधे अपने बैंक खाते में लाभांश प्राप्त करने के लिए वे अपने डिपॉजिटरी (जहां डीमैटेरलाइज्ड मोड में रखे गए शेयर) के साथ अपने केवाईसी को अपडेट करें।

24 वीं एजीएम का नोटिस, शेयरधारकों को उनके पंजीकृत ईमेल पते पर, लागू कानूनों के अनुसार नियत समय पर भेजा जाएगा।

निर्देशक मंडल के आदेश द्वारा
कृते मध्य भारत एग्रो प्रोडक्टस लिमिटेड
हस्ताक्षरित /-
(पल्लवी सुखवाल)
कम्पनी सचिव

स्थान- भीलवाडा
तिथि- 27/08/2021

**सार्वजनिक सूचना** **कार्यालय नगर निगम, जयपुर, हैरिटेज**

क्र.- एफ-6( ) उपा.राज.-द्वि.( सा.प्र. )/ननिज/2021/1034 दिनांक-27.08.2021

मूल भूखण्ड संख्या एच-5, बनीपार्क योजना, जयपुर का अर्बन इम्प्रूवमेन्ट बोर्ड, जयपुर द्वारा श्री रामदयाल उपाध्याय के नाम से क्षेत्रफल 903.77 वर्गगज भूमि का आवंटन कर पट्टा जारी किया गया था। आवेदकों श्री अशोक कुमार खण्डाका, श्रीमती बबीता, श्री सुयश खण्डाका, श्री प्रेमचन्द यादव एवं श्री मुकुल दुसाद द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्टर्ड हक त्याग विलेख, रजिस्टर्ड वसीयतनामा, अण्डरटेकिंग, शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का नगर निगम जयपुर हैरिटेज द्वारा श्री अशोक कुमार खण्डाका पुत्र श्री पदम प्रकाश, श्रीमती बबीता पत्नी श्री अशोक कुमार एवं श्री सुयश खण्डाका पुत्र श्री अशोक कुमार के पक्ष में क्षेत्रफल 459.16 वर्गगज, श्री प्रेमचन्द यादव पुत्र श्री रामनारायण यादव के पक्ष में क्षेत्रफल 250 वर्गगज एवं श्री मुकुल दुसाद पुत्र श्री राधेश्याम के पक्ष में क्षेत्रफल 180.47 वर्गगज का उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किया जाना है। इस उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने बाबत् किसी भी व्यक्ति, संस्था,फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति होतो 07 दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय ( उपायुक्त, राजस्व- द्वितीय ) में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समप्ति के बाद, नियमानुसार उपविभाजन एवं नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।,

**सुरेन्द्र सिंह यादव, उपायुक्त (राजस्व- द्वितीय) नगर निगम जयपुर, हैरिटेज**

**बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालय : 1, तारा नगर, अजमेर रोड, जयपुर-302006, फोन : 9214018877
E-mail : bfldevelopers@gmail.com • Website : www.bflfin.com • CIN: L45201RJ1995PLC010646

**वीडियों कान्फ्रेंस द्वारा अयोजित 26वीं वार्षिक साधारण सभा, बुक क्लोजर एवं सदस्यों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग सूचना**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सूचना में वर्णित प्रस्तावों के निष्पादन के लिए बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड ( कम्पनी ) के सदस्यों की 26वीं वार्षिक साधारण सभा ( एजीएम ) सोमवार, 20 सितंबर, 2021 को दोपहर 03:00 बजे होगी। कंपनी अधिनियम 2013 के लागू प्रावधानों के अनुपालन में 14 जून, 2021 की एजीएम की सूचना में निर्धारित व्यापार के अनुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिग ( वीसी )/ अन्य ऑडियो विजुअल माध्यम ( ओएवीएम ) से अधिनियम और उसके तहत बनाए गए नियम और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ( सेबी )( सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ ) विनियम 2015 के साथ पढ़ा जाये। यह प्रक्रिया मिनिस्ट्री ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स के द्वारा जारी किये गए जर्नल परिपत्र संख्या 02/2021, 14/2020, 17/2020, 20/2020, दिनांकित 13 जनवरी, 2021, 8 अप्रैल, 2020, 13 अप्रैल, 2020, 5 मई 2020 ( सामूहिक रूप से ''एमसीए परिपत्र'' के रूप में जाना जाता हैं ) एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा जारी किये गए परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CMD1/CIR/P/2020/79, दिनांक 12 मई, 2020 और SEBI/HO/CFD/CMD2/CIR/P/2021/11 दिनांक 15 जनवरी, 2021 ( ''सेबी परिपत्र'' ) के अनुपालन में है। जिसमें आम स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति जरूरी नही है। अधिनियम की धारा 103 के अंतर्गत वीसी/ओएवीएम के माध्यम से बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों को कोरम की गणना के उद्देश्य से गिना जाएगा।

एजीएम के नोटिस की इलेक्ट्रॉनिक प्रतियां और वित्तीय वर्ष 2020-21 की वार्षिक रिपोर्ट शुक्रवार, 27 अगस्त, 2021 को सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनकी ई-मेल आईडी कंपनी/ डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ पंजीकृत है। सदस्यों को एजीएम और वार्षिक रिपोट के नोटिस की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकताओं को एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र के अनुसार समाप्त कर दिया गया है।

यह भी सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम 2013, की धारा 91 और भारतीय प्रतिभूति औरविनिमय बोर्ड ( सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्कताएं ) विनियम, 2015 के तहत 26वीं वार्षिक आम बैठक दिनांक सोमवार 20 सितंबर, 2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ( ''वीसी'' )/ अन्य ऑडियो-विजुअल मीन्स( ''ओएवीएम'' ) के उद्देश्य से सदस्यों का रजिस्टर और कंपनी शेयर हस्तांतरण पुस्तकें मंगलवार, 14 सितंबर, 2021 से सोमवार 20 सितंबर, 2021 ( दोनो दिन शामिल ) तक बंद रहेंगी।

अधिनियम की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसार कंपनी ( प्रबंधन और प्रशासन ) नियम, 2014 ( संशोधन ) के नियम 20 और भारतीय प्रतिभूति और विनियम बोर्ड के विनियमन 44 ( सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएँ ) विनियम, 2015 और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानकों के तहत कंपनी ने सेन्ट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज ( इंडिया ) लिमिटेड ( सीडीएसएल ) के माध्यम से अपने सदस्यों को ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है, ताकि उक्त एजीएम में ट्रांजेक्टेड के लिए प्रस्तावित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से मतदान करने के अपने अधिकार का प्रयोग किया जा सके और व्यवसाय को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम ( रिमोट ई-वोटिंग ) के माध्यम से स्थानांतरित किया जा सके।

इस संबंध में, सदस्यों को आगे सूचित किया गया है कि:

( क ) दूरस्थ ई-मतदान की अवधि गुरूवार, 16 सितंबर, 2021 को प्रात: 10:00 बजे प्रारम्भ होगी और रविवार, 19 सितंबर, 2021 सायं 5:00 बजे समाप्त होगी। दूरस्थ ई-मतदान की अनुमति रविवार, 19 सितम्बर 2021 को सायं 5:00 बजे के बाद नहीं दी जाएगी। सीडीएसएल द्वारा इसे अक्षम कर दिया जाएगा।

( ख ) ऐसे व्यक्ति जिनका नाम सदस्यों के रजिस्टर में या डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में कट-ऑफ तारीख यानी सोमवार, 13 सितंबर, 2021 तक दर्ज किया गया है केवल वे ही एजीएम में दूरस्थ ई-वोटिंग एवं ई-वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने के हकदार होंगे। दूरस्थ ई-वोटिंग और ई-वोटिंग की विस्तृत प्रक्रिया/ निर्देश एजीएम के नोटिस में निहित हैं।

( ग ) कोई भी व्यक्ति जो एजीएम के नोटिस भेजने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ की तारीख यानी सोमवार, 13 सितंबर 2021 को शेयरों को रखता है तो वह helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि यदि व्यक्ति दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए पहले से ही सीडीएसएल के साथ पंजीकृत है, तो वह मौजदा उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड का उपयोग वोट डालने के लिए कर सकता है।

( घ ) जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है और वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में मौजूद हैं, वे एजीएम में ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिए पात्र होंगे।

( ङ ) जिन सदस्यों ने एजीएम से पहले दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है, वे भी वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकते हैं, लेकिन फिर से अपना वोट डालने के हकदार नहीं होंगे।

( च ) एजीएम की सूचना और वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.bflfin.com, स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर और सीडीएसएल की वेबसाइट www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

( झ ) ई-वोटिंग सुविधा के संबंध में किसी भी पूछताछ के लिए www.evotingindia.com पर उपलब्ध Frequently Asked Questions ("FAQs") देखें अथवा www.evotingindia.com पर मदद अनुभाग के तहत उपलब्ध दूरस्थ ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देखें अथवा श्री राकेश दलवी, सीनियर मैनेजर (022-23058542/43) सीडीएसएल, ए-विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउण्ड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल ( पूर्व ), मुंबई-400013 या मेल helpdesk.evoting@cdslindia.com पर संपर्क करें।

वास्ते- बीएफएल एसेट फिनवेस्ट लिमिटेड
हस्ता./-महेन्द्र कुमार बैद
प्रबन्ध निदेशक (DIN: 00009828)

स्थान : जयपुर
दिनांक : 27 अगस्त, 2021